दिनांकः 20.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– संसद के सुचारू संचालन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच सहयोग जरूरी।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्य में बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा कर राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये।
- राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. आर. श्रीराम कल शपथ लेगें।
- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर बारिश की गतिविधियों में थोड़ी कमी आई– अगले दो दिन उत्तरी और दक्षिण–पूर्वी भागों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार।

0000

संसद का मानसून सत्र कल से शुरू होगा। इससे पहले केन्द्र सरकार ने आज दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सर्वदलीय बैठक की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेता शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, ने बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल. मुरुगन भी मौजूद रहे। बैठक में, कांग्रेस से गौरव गोगोई और प्रमोद तिवारी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी–शरद पवार गुट से सुप्रिया सुले, डीएमके से टी.आर. बालू और तिरुचि शिवा, समाजवादी पार्टी से राम गोपाल यादव और आम आदमी पार्टी से संजय सिंह मौजूद रहे। 21 अगस्त तक चलने वाले सत्र में दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। इस दौरान जन विश्वास संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और मर्चेंट शिपिंग विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक बेहद रचनात्मक रही। उन्होंने कहा कि सदन के नेताओं ने उन मुद्दों पर अपने–अपने दलों का पक्ष रखा जिन्हें वे सत्र के दौरान उठाना चाहते हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार ने विपक्ष से दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को अच्छे समन्वय के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

.................................

000

बनारस रेल इंजन कारखाने ने छह हज़ार अश्वशक्ति वाला ढाई हज़ारवां इलेक्ट्रिक इंजन तैयार कर लिया है। यह इंजन वातानुकूलित केबिन, मॉनिटरिंग प्रणाली, अत्याधुनिक ब्रेकिंग और गियर से लैस है। जानकारी के अनुसार इसकी रफ्तार 140 किलोमीटर प्रतिघंटे है। बनारस लोकोमोटिव ने ढाई हज़ार इलेक्ट्रिक इंजन बनाने की यह उपलब्धि महज आठ साल में हासिल की है। इस कारखाने में अब तक डीजल इंजन सहित कुल 10 हज़ार 822 इंजन बनाए जा चुके हैं और यहां बने इंजन अफ्रीकी देश मोज़ाम्बिक को भी निर्यात किए गए हैं।

000

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा है कि सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में भारत की प्रगति सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था और आर्थिक सुधारों का परिणाम है। नीति आयोग और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा न्यूयार्क में संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ये बात कही।
श्री बेरी ने कहा कि वर्ष 2013–14 से 2022–23 के दौरान 24 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर लाए गए हैं और इस अवधि के दौरान सामाजिक सुरक्षा कवरेज दोगुने से भी अधिक बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत शिशु–मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी का लक्ष्य 2030 की समय–सीमा से काफी पहले हासिल कर लेगा। गौरतलब है कि पिछले महीने, सतत विकास संबंधी ताज़ा रिपोर्ट में, 167 देशों में भारत को 99वां

स्थान मिला था। यह पहला मौक़ा है जब भारत इस रिपोर्ट के शुरुआती सौ देशों में जगह बनाने में सफल रहा है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज मुख्यमंत्री निवास पर राज्य में बारिश से उत्पन्न स्थिति की एक बैठक में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के प्रमुख बांधों में पानी की आवक के बारे में जानकारी ली। वहीं वर्षा प्रभावित क्षेत्रों के बारे में भी फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों को बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाते हुए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान श्री शर्मा ने विभिन्न जिला कलेक्टरों से चर्चा कर स्थिति के बारे में जाना। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा सहित अन्य विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे कल राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. आर. श्रीराम को शपथ दिलाएंगे। राजभवन से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शाम 4 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि के.आर. श्रीराम ने मुम्बई विश्वविद्यालय से एलएलबी करने के बाद लन्दन से समुद्री विज्ञान में एलएलएम किया। वे जुलाई 1986 को महाराष्ट्र और गोवा बार कौन्सिल में वकील के रूप में पंजीकृत हुए उन्हें 21 सितम्बर 2024 को मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया था।

000

प्रदेश के सभी डाकघरों में कल कोई सार्वजनिक लेन–देन नहीं होगा। 22 जुलाई से शुरू हो रही– एडवान्स्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी एप्लिकेशन के संचालन को देखते हुए राजस्थान डाक परिमण्डल ने ये फैसला किया है। डाक परिमण्डल कार्यालय जयपुर के सहायक निदेशक तकनीकी प्रवीण मीणा ने बताया कि इस उन्नत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित बदलाव को सक्षम बनाने के लिए ये नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दौरान डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और अन्य प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा। परिमण्डल ने ग्राहकों से असुविधा से बचने के लिए सूचना के अनुसार योजना बनाने की अपील की है। गौरतलब है कि एडवान्स्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी एप्लिकेशन 2.0 से डाक विभाग की सभी सेवाओं को उपयोगकर्ताओं के लिए और अधिक बेहतर बनाया जाएगा।

000

भरतपुर जिले में बाल तस्करी को रोकने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसी कड़ी में आज रेलवे स्टेशन पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित हुई।

....................

000

जयपुर के प्रौढ़ शिक्षण समिति सभागार में आज विभिन्न पुस्तकों का विमोचन कार्यक्रम रखा गया। इनमें जयपुर की तीन लेखिकाओं उजला लोहिया, लक्ष्मी शर्मा और मनीषा कुलश्रेष्ठ की पुस्तक शामिल हैं। इस अवसर पर प्रकाशक पंकज सुबीर ने सभी पुस्तकों की भूमिका रखी।

....................

000

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश की गतिविधियों में आज थोड़ी कमी नजर आई। वहीं बीते चौबीस घंटों में राज्य में सबसे अधिक साढे 14 सेंटीमीटर बारिश माउंट आबू में दर्ज की गई। जोधपुर के ओसिया में 10, बाड़मेर और जालौर जिले के सायला में 8–8, जैसलमेर, पाली, नागौर के खींवसर और जोधपुर के शेरगढ में 7–7 सेंटीमीटर पानी बरसा। पाली में आज सुबह से बादल छाये रहे और दोपहर बाद रिमझिम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। वहीं पिछले दिनों हुई बारिश से बांधों में पानी की अच्छी आवक होने से 15 बांध लबालब हो गये है। आज रविवार छुट्टी का दिन होने से हेमावास बांध और गोरमघाट सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों पर बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंचे। अजमेर में पिछले दो दिनों से हुई तेज बारिश के बाद आज बारिश रूकने और धूप खिलने से लोगों को राहत मिली।

.....................

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले दो दिन उत्तरी और दक्षिण–पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में हल्की–मध्यम बारिश होने के आसार हैं। वहीं प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले एक सप्ताह भारी बारिश की गतिविधियों में कमी आयेगी। हालांकि कुछ भागों में हल्की से मध्यम बरसात होने का पूर्वानुमान है।

000

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर इन दिनों कावड यात्राओं की रौनक नजर आ रही है। सावन के महीने में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए पवित्र सरोवरों से जल लाने के लिए कावड यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी कडी में आज राजसमंद के कांकरौली से कांवड़ यात्रा निकाली गई। वहीं भीलवाड़ा में कांवड यात्रियों ने शहर से पांच किलोमीटर दूर हरणी महादेव पहुंच कर भगवान शिव का अभिषेक किया। राजधानी जयपुर में भी अल सुबह से मुख्य मार्गों पर बडी संख्या कांवड़ यात्राएं नजर आईं। पवित्र तीर्थ स्थल गलता सरोवर से कांवड यात्री जल भरकर अपने गन्तव्य के लिए रवाना हुए।

000